दिन– सोमवार	दिनांक– 04 ⁄ 11 ⁄ 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।	अवधिः– 05 मिनट

---

लोक आस्था के महापर्व छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान कल नहाय–खाय के साथ शुरू होगा। व्रती पहले दिन अरवा चावल, चना दाल और कद्दू की सब्जी बनाकर उसे प्रसाद के रूप में ग्रहण करेंगे। छठ को लेकर राजधानी पटना समेत प्रदेशभर में उत्सव का माहौल है। जिला मुख्यालयों से हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि छठ घाटों की साफ–सफाई और घाटों पर अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन के साथ विभिन्न स्वंयसेवी संस्थाएं और आम लोग भी जुटे हुये हैं।

————————————————————————

छठ पर्व के मद्देनजर यात्रियों की सुविधा और सुगम यात्रा के लिए रेलवे विशेष रेलगाडियों का संचालन कर रहा है। आज रेलवे द्वारा एक सौ पचासी विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं। इसमें लगभग पच्चीस पूजा स्पेशल रेलगाड़ियाँ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली से देश के विभिन्न भागों के लिए रवाना हो रही हैं। इनमें सहरसा, पटना, मुजफ्फरपुर और दरभंगा के लिए विशेष ट्रेनें शामिल हैं।

————————————————————————

राज्य की चार विधानसभा सीटों बेलागंज, इमामगंज, तरारी और रामगढ़ उप चुनाव के लिए राजनीतिक दलों ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है। भाजपा, जदयू, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा समेत एनडीए के सभी घटक दल अपने प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए लगातार जनसभाओं का आयोजन कर रहे हैं। वहीं, इंडिया गठबंधन की ओर से भी राजद, कांग्रेस और वाम दलों के नेता चुनाव प्रचार अभियान चला रहे हैं। इन सीटों पर तेरह नवम्बर को मतदान होना है।

————————————————————————

लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश रौशन ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री रौशन ने कहा कि गठबंधन की राजनीति के कारण पार्टी को कई स्तरों पर नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि वे तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ेंगे।

---

प्रदेश में छब्बीस नवंबर से तीन दिसम्बर के बीच पाँच चरणों में होने वाले पैक्स चुनाव में शिक्षकों की ड्यूटी नहीं लगाई जायेगी। बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार की ओर से चुनाव को लेकर जारी दिशा निर्देश में कहा गया है कि सरकारी विद्यालयों में शिक्षण कार्यों में लगे शिक्षकों को पैक्स चुनाव में प्रतिनियुक्त नहीं किया जायेगा। हालांकि अपरिहार्य स्थितियों में ऐसा करने पर कोई रोक नहीं होगी। दिशा निर्देशों में सहकारी समितियों के पदाधिकारियों और कर्मियों की भी चुनाव कार्य में प्रतिनियुक्ति पर रोक लगा दी गई है।

---

प्रदेश में अक्टूबर महीने के दौरान जीएसटी मद में एक हजार छह सौ चार करोड़ रूपये राजस्व की प्राप्ति हुई है। यह राशि पिछले वर्ष अक्टूबर महीने की तुलना में चौदह प्रतिशत अधिक है। राष्ट्रीय स्तर हुई जीएसटी संग्रह की औसत वृद्धि से भी यह तीन दशमलव तीन सात प्रतिशत अधिक है।

---

प्रदेश में मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान कटिहार, भागलपुर और बांका जिले में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना जताई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले पाँच दिनों तक अधिकतम और न्यूनतम तापमान मे किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। वहीं, इस अवधि में राज्य के उत्तरी हिस्सों में सुबह के समय कोहरा छाये रहने का पूर्वानुमान है।

———————————————————————

पूर्णियां जिले के मीरगंज थाना अंतर्गत मीरगंज–कुर्सेला स्टेट हाइवे पर एक कार के अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा जाने के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे में चार अन्य घायल हो गए। घायलों में तीन की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

———————————————————————

पूर्वी चंपारण जिले के पहाड़पुर थाना क्षेत्र में पिछले दिनों पुलिस टीम पर हुए हमले के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी मनोज प्रसाद कुशवाहा को गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————————

समाप्त